हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 15 जुलाई 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

12 तंग कमरे में एक साथ बैठकर मिडिल प्राइमरी के बच्चे गढ़ रहे अपना भविष्य



(अम्बिकापुर) प्रवेश प्रारंभ (अम्बिकापुर)
न्यू महाराणा I.T.I.
Affiliated by:- (N.C.V.T & D.E.T.) New Delhi (Govt. Of India)
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
योग्यता-10वीं पास (प्राईवट, ओपन, पत्राचार, नियमित)
प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छुट
अतिशीघ्र प्रवेश लेवें मात्र 999/- नो डोनेशन
स्थान सीमित 100% रोजगार परक प्रशिक्षण
प्राचार्य: माखन विहार के बाजू में (कन्या परिसर रोड) अजरिमा अंबिकापुर
मो. 9203914565, 9713310420, 9203914561

SALE
END OF SEASON SALE
UP TO 60% OFF
निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड

KILLER
SALE
UP TO 40% OFF
KILLER STORE - NEAR POONAM LODGE
OLD BUS STAND - AMBIKAPUR
CALL- 7400849887

अंश COMPUTER EDUCATION
PGDCA
DCA
BA, MA, PGDRD, B.LIB, B.Sc..
अंश कम्प्यूटर सेंटर
जिला - बलरामपुर
8964951878

प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा
DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन
D.Pharma (3 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक
साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
अम्बिकापुर 7440435000
रायपुर 7440434000

## शासन ने लिया वापस, राशि जारी होने के बाद भी अधिकारी नहीं कर पाए टेंडर की प्रक्रिया

# सवा सौ से अधिक स्कूलों के 30 करोड़ से अधिक की राशि लैप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- स्कूल जतन योजना के तहत मिली थी स्वीकृति

सरगुजा जिले में अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा बच्चे उठा रहे है और जर्जर स्कूलों की छत के नीचे पढ़ाई करने को मजबूर है। हैरानी की बात तो यह है कि शासन से स्कूल जतन योजना के तहत राशि जारी होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी टेंडर नहीं कर पाए। समय सीमा निकलने के बाद भी जब काम पूर्ण नहीं हुए तो शासन ने 30 करोड़ रुपए की राशि को वापस ले लिया। राशि वापस जाने के बाद एक बार फिर से इन बच्चों को जर्जर स्कूल भवन में पढ़ाई करनी पड़ेगी।

बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा स्कूल जतन योजना के तहत प्रदेश की पूर्व सरकार द्वारा मई 2023 तक तीन चरणों में सरगुजा जिले के लिए 1492 स्कूलों हेतु 110 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस राशि से सरकारी स्कूलों के भवन निर्माण, जर्जर भवन के मरम्मत, अतिरिक्त कक्ष निर्माण जैसे कार्य किए जाने थे। राशि स्वीकृत होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा तीन निर्माण एजेंसियों को निर्माण का जिम्मा दिया गया था और टेंडर जारी कर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए थे। स्कूल जतन योजना के तहत स्कूलों के मरम्मत व रंग रोगन जैसे कार्य तो कर लिए गए लेकिन बड़े निर्माण कार्यों को लेकर निर्माण एजेंसियों ने ही जमकर लापरवाही बरती। जिले के जर्जर हो चुके स्कूल भवनों के लिए अतिरिक्त कक्ष व भवन निर्माण की जरूरत थी। राशि मिलने के बाद भी टेंडर की प्रक्रिया भी पूर्ण नहीं की गई। ऐसे में शासन से लगभग 30 करोड़ रुपए की राशि को टेंडर प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने के आधार पर राशि लैप्स मानकर वापस ले लिया। हैरानी की बात तो यह यही कि विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी जिला पंचायत के उच्च अधिकारियों को भी नहीं दी जाती है। शासन से निर्माण एजेंसी तय होने के कारण वे खुद ही अपने स्तर पर प्रक्रियाओं को उलझाए रहे। हाल ही में जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक में अधिकारियों की इस लापरवाही का मुद्दा काफी गरमाया रहा। जनप्रतिनिधियों के सवालों का कोई जवाब नहीं दें पाए लेकिन इन सब का खामियाजा जिले के मासूम बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। राशि जारी होने के बाद भी कई स्कूलों के बच्चे जर्जर भवन में पढ़ रहे है तो कहीं स्कूल भवन नहीं होने से आंगनबाड़ी केंद्र में कक्षाएं चल रही है जहां एक कमरे में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर पढ़ाया जा रहा है लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि अधिकारी अभी भी इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं है।



ग्राम सोयदा के आंगनबाड़ी कक्ष में पढ़ाई करते बच्चे।

### मैनपाट में 26 स्कूलों के ही 5 करोड़ लैप्स

बताया जा रहा है कि मैनपाट विकासखंड में स्कूल जतन योजना के तहत जर्जर हो चुके स्कूल भवनों के स्थान पर अतिरिक्त कक्ष निर्माण के नाम से राशि जारी की गई थी। मैनपाट के 26 स्कूलों के लिए 5 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली और राशि भी जारी हो गई। राशि जारी होने के बाद निर्माण का जिम्मा आरईएस को दिया गया था। आरईएस के अधिकारियों ने टेंडर का कार्य शुरू तो कर दिया लेकिन समय पर टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण नहीं कर पाए और निर्धारित समय निकलने के बाद शासन ने राशि को लैप्स मान लिया। 5 करोड़ रुपए लैप्स होने के बाद शासन ने वापस ले लिए।

#### हाउसिंग बोर्ड नहीं कर पाया टेंडर

जिले में लगभग सवा सौ स्कूलों के लिए 25 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली थी। इस राशि से अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया जाना था। 25 करोड़ रुपए से अतिरिक्त कक्ष निर्माण का जिम्मा हाउसिंग बोर्ड को दिया गया था लेकिन हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी टेंडर की प्रक्रिया शुरू ही नहीं कर पाए जिसके बाद राशि को शासन ने वापस ले लिया। इस मुद्दे को लेकर जिला पंचायत में जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जाहिर की थी। बैठक में विभाग के अधिकारी भी शामिल नहीं हुए थे जिसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष ने हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया था।

#### भवन तोड़े लेकिन काम शुरू नहीं

बताया जा रहा है कि सरगुजा जिले में बड़ी संख्या जर्जर स्कूल भवनों को गिराने का कार्य किया गया। जर्जर भवन गिरने के बाद नए स्कूल का निर्माण किया जाना है था लेकिन टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। इस मामले में भी जिला पंचायत ने स्कूल शिक्षा विभाग से जवाब मांगा है कि जिले में ऐसे कितने स्कूल है जिनके जर्जर भवन गिराने के बाद नए भवन का कार्य शुरू नहीं हुआ है। इसके साथ ही शिक्षा सत्र शुरू होने के बाद बच्चों की बैठक व्यवस्था व स्कूल संचालन के लिए क्या वैकल्पिक उपाय किए गए है।

#### वापस ले ली गई राशि

जिले में सवा सौ से अधिक स्कूल के लिए स्वीकृत 30 करोड़ की राशि टेंडर नहीं होने के कारण लैप्स हो गई। शासन ने राशि वापस ले ली जबकि हमने काफी मशक्कत के बाद स्कूल भवनों के लिए राशि जारी करवाई थी। यह बड़ी लापरवाही है, जिला पंचायत की बैठक में हाउसिंग बोर्ड को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही जिन स्कूल भवनों को गिराया गया और टेंडर होने के बाद भी काम चालू नहीं हुए उनकी जानकारी मांगी गई है।

-आदित्येश्वर शरण सिंहदेव
उपाध्यक्ष जिपं

---

**तालाब में मिले महिला के कपड़ो से भरे बैग ने खोला राज, आरोपी गिरफ्तार**

# एक महीने पहले पत्नी की हत्या कर लाश को किया दफन, कब्र खोदकर निकाला गया कंकाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

शराब के नशे में धुत पति ने पत्नी की बेदम पिटाई कर हत्या कर दी। आरोपी युवक ने सिर्फ इस बात के लिए महिला की पिटाई की क्यों कि महिला आंगन के बजाए कमरे में जाकर सोने को तैयार नहीं थी। मामूली सी बात पर आदतन मारपीट करने वाले हैवान पति ने महिला को इतना मारा की उसकी मौत हो गई। इतना ही नहीं मौत के बाद उसने लाश को घर से 500 मीटर दूर लेजाकर दफन कर दिया और फिर परिवार के सदस्यों को बता दिया कि पत्नी घर छोड़कर भाग गई। एक महीने पूर्व हुए इस हत्याकांड का खुलासा महिला के लावारिश मिले कपड़ों से भरे बैग से हुआ। फिलहाल पुलिस ने कब्र खोदकर कंकाल बरामद करने के साथ ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जा रहा है कि केरजु चौकी अंतर्गत ग्राम ढोड़ागांव सरनापारा निवासी 35 वर्षीय संजीत कुमार पैकरा पत्नी बिहानी बाई, 10 वर्षीय पुत्र, मां, भाई व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहता था। इस बीच विगत एक माह से युवक की पत्नी लापता थी। युवक से पूछने पर उसने परिजन व गांव के लोगों को बताया था कि उसकी पत्नी घर छोड़कर भाग गई है। आरोपी भी लगातार पत्नी को खोजने का नाटक करता रहता था। इस बीच 10 जुलाई को गांव के लोगों को तालाब में मछली पकड़ने के दौरान एक बैग मिला। उक्त बैग में महिला का कपड़ा था।

आस पास की महिलाओं से जब कपड़े की पहचान कराई गई तो उक्त बैग और कपड़े संजीत कुमार पैकरा की पत्नी बिहानी बाई की निकली। ऐसे में ग्रामीणों और परिजन ने जब संजीत कुमार से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया और पत्नी की हत्या कर लाश को दफन करने की बात स्वीकार की। इस घटना की जानकारी 13 जुलाई को पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर जब उससे पूछताछ की तो उसने घर से 500 मीटर दूर लाश को दफन करने की बात कही। पुलिस ने मौके से कब्र खोदकर लाश को बाहर निकाला लेकिन तब तक मृतिका की लाश कंकाल बन चुकी थी। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 103(1), 238बी के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी केरजु नोहर साय मिंज, प्रधान आरक्षक तीजलाल पैकरा, आरक्षक महेंद्र कुमार नाग, शिवबरत किंडो, अनुग्रस लकड़ा शामिल रहे।



घटना स्थल पर लोगों की भीड़, इनसेट में आरोपी।

#### आए दिन करता था मारपीट

बताया जा रहा है कि युवक अक्सर अपनी पत्नी के साथ शराब के नशे में मारपीट करता था। युवक की मारपीट से उसका पुत्र भी दहशत में रहता था। एक माह पूर्व युवक की मां अपने मायके गई हुई थी जबकि भाई भी शादी समारोह में गया हुआ था। घटना दिवस की रात महिला घर के आंगन में सो रही थी। जब संजीत ने उसे घर के अंदर चलकर सोने को बोला तो महिला अंदर नहीं गई। इसी बात को लेकर आरोपी ने महिला की पिटाई शुरू कर दी। इधर संजीत की मारपीट से महिला की मौत हो गई। पत्नी की मौत के बाद पुलिस से बचने के लिए आरोपी ने अगले दिन लाश को कंधे पर लादकर घर से 500 मीटर दूर सरनापारा जंगल ले गया और फावड़ा से कब्र खोदकर दफन कर दिया। घर वालों व गांव के लोगों को बता दिया कि उसकी पत्नी भाग गई लेकिन तालाब में मिले बैग ने हत्याकांड का राज खोल दिया। पुलिस ने मृतिका के कपडे, फावड़ा जब्त कर लिया है।

---



## औराझरिया घाट पर पलटा मछली लोड ट्रक, लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

रविवार को औराझरिया घाट पर मछलियों से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में ट्रक चालक व परिचालक को चोटें आई है। दुर्घटना के बाद एनएच पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही मछलियों से भरे पैकेट को दूसरे वाहन से गंतव्य की ओर रवाना किया गया। बताया जा रहा है कि ट्रक क्रमांक एपी 16 टीएफ 5796 आंध्रप्रदेश से मछली लेकर अंबिकापुर होते हुए झारखण्ड गढ़वा की ओर जा रहा था। इस दौरान रविवार सुबह एनएच 343 पर औराझरिया घाट के समीप चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार ट्रक बीच सड़क पर पलट गया। दुर्घटना के बाद मछिलयों के पैकेट सड़क पर बिखर गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची यातायात व हाइवे पेट्रोलिंग की टीम द्वारा घायल चालक परिचालक को अस्पताल पहुंचाने के साथ ही सड़क पर बिखरे पैकेट को हटाकर दूसरे वाहन से गंतव्य की ओर रवाना किया गया। इसके साथ ही पुलिस ने एनएच पर आवागमन बहाल कराया। इस दौरान हाईवे पेट्रोलिंग टीम से अमित मिंज, गिरवर सिंह, नरेंद्र यादव आदि सक्रिय रहे।

---

### खबर संक्षेप

#### यातायात नियमों की अवहेलना पर 65 सौ का जुर्माना

**बलरामपुर।** यातायात विभाग द्वारा नगर सेना तिराहा के पास सघन वाहन चेकिंग प्वाइंट लगाकर नियम तोड़ने वाले ट्रक व पिकअप चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग प्वाइंट के दौरान बगैर सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने वाले चालकों, बगैर वाहनों के दस्तावेज व लाइसेंस के चलने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। इसके साथ ही अनियंत्रित गति से वाहन चलाने वालों पर भी कार्रवाई की गई। पुलिस ट्रक, पिकअप समेत 16 वाहन चालकों पर कार्रवाई कर 65 सौ रुपए का समंस वसूल किया गया। इसके साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई।

#### गाज की चपेट में आने से सो रहे युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** विकासखण्ड सीतापुर अंतर्गत ग्राम हर्रामार में गाज गिरने से घर में सो रहा युवक गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन कुछ कर पाते इसके पूर्व ही युवक की मौत हो गई। ग्राम हर्रामार निवासी सनोज मांझी (22वर्ष) शनिवार को अपने घर में सो रहा था। इस दौरान गाज की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलसकर अचेत हो गया। परिजन उसे अचेत हालत में पड़ा देख अस्पताल ले जाने का विचार कर ही रहे थे कि उसकी सांसे बंद हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीएम उपरांत शव परिजन को सौंप दिया है।

---

## सर्पदंश से महिला की मौत, मर्ग कायम

- अस्पताल जाने से पहले ही तोडा दम

रामानुजगंज। सुबह सुबह घर से बाहर निकली महिला की सर्पदंश से मौत हो गई। सांप काटने के बाद महिला को परिजन अस्पताल लेकर जाने की तैयारी कर रहे थे लेकिन उससे पहले ही उसने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि विजयनगर चौकी अंतर्गत ग्राम बानापति निवासी 30 वर्षीया मानमति सरूता पति कपिलदेव सरूता 14 जुलाई की सुबह शौच के लिए घर से बाहर गई हुई थी। महिला जब घर वापस लौटी तो घर में रखे चारपाई पर बैठकर और परिजन को जानकारी दी कि उसे किसी जहरीले सांप ने काट लिया है। कुछ समय बाद महिला बेहोश हो गई। ससुर हरदेव सरूता ने बताया कि महिले के बेहोश होने पर जब एक मुर्गी को महिला के शरीर से सटाया गया तो मुर्गी भी मर गई जिसके बाद वे महिला को उपचार के लिए अस्पताल लेकर जाने की तैयारी कर रहे थे लेकिन तब तक महिला की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया।

---

# चौक-चौराहों पर लगाया गया प्रतिबंधित बाजार क्षेत्र का बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- आकाशवाणी चौक से शुरुआत, आए दिन लगता है जाम, बनी रहती है दुर्घटना की आशंका

शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर लगने वाले सब्जी दुकानों को नगर निगम ने हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर निगम द्वारा प्रमुख चौक के नो वेंडिंग जोन में प्रतिबंधित बाजार क्षेत्र का बोर्ड लगवाया गया है। इसके साथ ही सब्जी विक्रेताओं को समझाइश दी जा रही है। आने वाले समय में नगर निगम द्वारा इनपर कार्रवाई किए जाने की योजना बनाई गई है।

शहर के आकशवाणी चौक, बिलासपुर चौक सहित अन्य चौक चौराहों पर बड़ी संख्या में सब्जी विक्रेताओं द्वारा सड़क किनारे ही अपनी दुकानें लगाईं जाती है। वर्तमान में शहर के आकाशवाणी चौक पर खुखड़ी, पुटु की बिक्री के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे है और अपनी दुकान लगा रहे है। सड़क पर सब्जी दुकान लगने से लोग सड़क पर ही अपने वाहन खड़े कर सब्जी खरीदने लगते है इससे चौक चौराहों पर जाम की स्थिति बनती रहती है इसके साथ ही दुर्घटना की संभावना भी बन जाती है।

ऐसे में नगर निगम द्वारा प्रमुख चौक चौराहों के नो वेंडिंग जोन को प्रतिबंधित बाजार क्षेत्र घोषित कर बोर्ड चस्पा किया जा रहा है। प्रतिबंधित क्षेत्र में सब्जी व्यवसाय या अन्य प्रकार के क्रय विक्रय पर रोक लगाई गई है और लोगों को जब्ती व जुर्माना के कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। नगर निगम द्वारा फिलहाल शहर के आकशवाणी चौक पर यह बोर्ड चस्पा किया गया है जबकि सोमवार से अभियान चलाकर शेष स्थानों पर भी कार्रवाई करने की बात कही जा रही है।



---

**बारिश में रेनकोट पहनकर आए थे युवक, तीसरा बाहर खड़ा था बाइक पर**

# दुकान में घुसकर महिला के गले से चेन स्नेचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों में तेजी से इजाफा हो रहा है। पुलिस की लचर कार्यप्रणाली के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद है और नगर में चोरी के साथ ही अब चेन स्नेचिंग की घटनाएं भी बढ़ गई है। एक बार फिर से अपराधियों ने दुकान में घुसकर महिला के गले से चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम दिया है। आरोपी दुकान में घुसकर महिला को बातों में उलझाए रहे और फिर मौका मिलते ही गले से चेन खींचकर फरार हो गए। इस घटना की शिकायत महिला ने पुलिस से की है लेकिन दो दिन बाद भी पुलिस के हाथ कोई अहम सुराग नहीं लगा है। बताया जा रहा है कि नगर के गौरव पथ स्थित ब्यूटी पार्लर व श्रृंगार दुकान की संचालिका शिल्पी गुप्ता शुक्रवार की शाम दुकान में पूजा पाठ करने आई हुई थी।

बारिश तेज होने के कारण दो युवक रेनकोट पहनकर दुकान घुसे और महिला को सामान खरीदने के नाम पर उलझाए रखा। बदमाश युवक महिला से सामान अलग अलग सामान दिखाने को बोल रहे थे इसी बीच मौके का फायदा उठाकर आरोपियों ने गले से सोने का चेन खींच लिया। आरोपी युवकों का एक साथ दुकान के बाहर बाइक पर इन्तजार कर रहा था। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों लुटेरे बाईक पर बैठकर तेजी से फरार हो गए। तेज बारिश के कारण उस वक्त दुकान के आसपास कोई मौजूद नहीं था। जिसका फायदा उठाते हुए बेखौफ बदमाशों ने चैन स्नेचिंग की घटना को बड़ी आसानी से अंजाम दिया और फरार हो गए। महिला की ओर से घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। बड़ी बात यह है कि क्षेत्र में चोरी और चेन स्नेचिंग की घटनाएं बढ़ गई है। एक माह पूर्व ग्राम आमाटोली में बाइक चोरी के मामले में भी पुलिस अब तक आरोपियों को नहीं पकड़ पाई है जबकि चेन स्नेचिंग की घटना के दो दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। अपराधियों ने जिस तरह दुकान में घुसकर लूट की घटना को अंजाम दिया है उससे नागरिको का आक्रोश बढ़ गया है और नगर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए जा रहे है। इस संबंध में थाना प्रभारी आर भगत ने बताया कि चेन स्नेचरों की पतासाजी में पुलिस जुटी हुई है। नगर में सीसीटीवी फुटेज के साथ क्राइम ब्रांच का भी सहयोग लिया जा रहा है। चैन स्नेचर गिरोह के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।



---

# विश्रामपुर पहुंची नीम यूरिया की रैक, समितियों में आपूर्ति प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

समितियों में यूरिया की कमी से परेशान किसानों को अब नहीं भटकना पड़ेगा। रविवार को इंडियन पोटाश लिमिटेड की रैक विश्रामपुर पहुंचने के साथ ही विपणन संघ द्वारा समितियों में यूरिया की आपूर्ति प्रारम्भ कर दी गई है।

सरगुजा की सहकारी समितियों में यूरिया का स्टॉक खत्म हो जाने के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। रविवार को आईपीएल की रैक पहुंचने के साथ ही अब समितियों में यूरिया की कमी दूर हो जाएगी। रैक से सरगुजा को 400 मिट्रक टन, सूरजपुर को 450 मिट्रक टन, बलरामपुर को 450 मीट्रिक टन एवं जशपुर नगर को 300 मीट्रिक टन नीम यूरिया आवंटित किया गया है। विभाग द्वारा ट्रकों के माध्यम से सहकारी समितियों में यूरिया भेजा जा रहा है। मार्कफेड के प्रबंधक अरूण विश्वकर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा अन्य उर्वरक निर्माता कंपनियों से भी यूरिया की मांग की गई है। सोमवार को एचयूआरएल की रैक पहुंचने की संभावना है। इफको एवं कृभको की रैक भी जल्द आने वाली है। उन्होंने बताया कि यूक्रेन में विपरीत स्थिति निर्मित होने के कारण एनपीके निर्माण के लिए कच्चा माल उपलब्ध नहीं होने के कारण डीएपी की आपूर्ति प्रभावित है। किसानों को डीएपी के बदले समितियों में उपलब्ध एनपीके 12/16, 20-20-013 का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। इन उर्वरकों में डीएपी के ही घटक शामिल है।





# नए पोस्टर में कर्ण के रूप में नजर आए प्रभास...

**मुंबई।** इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक 'कल्कि 2898 एडी' बॉक्स ऑफिस पर बेहद शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को मिली इस ऐतिहासिक सफलता के बाद, निर्माताओं ने सभी फैंस और सिनेप्रेमियों को धन्यवाद देते हुए एक खास पोस्ट साझा किया है। टीम की तरफ से प्रभास का कर्ण के रूप में एक विशेष पोस्टर साझा किया है। 1000 करोड़ रुपए कमाने वाली यह सातवीं भारतीय फिल्म है। इस शानदार सफलता के बाद पोस्टर साझा करते हुए टीम ने लिखा, '1000 करोड़ पूरे और गिनती जारी है। यह मील का पत्थर आपके प्यार का जश्न है। हमने दिल लगा के फिल्म को बनाया।

लाइफ Style

# कैटरीना ने बनाया बेहतर इंसान

विकी कौशल का मानना है कि कैटरीना जैसी बीवी पाकर उनकी किस्मत खुल गई। उन्होंने मजाक में बताया कि उनकी वाइफ कपड़े रखने के लिए काफी स्पेस लेती हैं और उन्हें कम जगह मिलती है। विकी कौशल अपनी वाइफ कटरीना कैफ के फैन हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यह बात उनके कई इंटरव्यूज से जाहिर हो चुकी है। कैटरीना की तारीफ करते हुए विकी बोले, उन्होंने मुझमें और मेरी जिंदगी में जो चीजें ऐड की हैं उनके लिए मैं खुद को खुशकिस्मत मानता हूं। मुझे लगता है कि मैं उनकी वजह से बेहतर इंसान बन गया। बातचीत में विकी ने बताया, मेरे घर में हर कोई एक-एक करके अपने कलेशी मोमेंट का इंतजार करता है। ये जिम्मा किसी एक का नहीं है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ सनी या कटरीना या मॉम या डैड या मैं। कोई परमानेंट कलेशी नहीं है। हर किसी का दिन आता है और उस दिन बाकी उसी मोड में आ जाते हैं। विकी ने बताया कि जब वह भूखे हों या सोए ना हों तब ही कलेश करते हैं। जब मुझे वॉरड्रोब मिलेगा तब तो कलेश होगा। विकी ने बताया कि कटरीना के पास पूरा वॉरड्रोब है और उनके पास कपड़े रखने के लिए सिर्फ ड्रॉर। ऐसे में वॉरड्रोब पर लड़ने का सवाल ही नहीं है। विकी से पूछा गया कि बुरे वक्त में दोनों कैसे एक-दूसरे का साथ देते हैं। इस पर विकी बोले, हम एक-दूसरे का हाथ पकड़कर जो कहना है कहते रहते हैं। जो भी हो हम साथ हैं। इस उतार-चढ़ाव में हम एक-दूसरे के साथ हैं। कटरीना की तारीफ करते हुए विकी बोले, उन्होंने मुझमें और मेरी जिंदगी में जो चीजें ऐड की हैं उनके लिए मैं खुद को खुशकिस्मत मानता हूं।



## हॉलीवुड मसाला



# 'डी 23 फैन...' का हुआ ऐलान

**लॉस एंजिलिस।** डिज्नी ने 2024 के लिए अपनी डी 23 फैन इवेंट की पूरी योजना की जानकारी दे दी है। इससे पहले कंपनी ने सीईएस पर इस साल घोषणा की थी कि वह इस बार अपने फैन कन्वेंशन के साथ नए क्षेत्रों में कदम बढ़ाएगी, पहली बार इसे डिज्नी+ पर स्ट्रीम करेगी और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विस्तार करेगी। शुक्रवार, 9 अगस्त को शाम 7 बजे डिज्नी एंटरटेनमेंट शोकेस में सितारों की महफिल सजेगी, जिसमें प्रशंसकों को आने वाली फिल्मों, सीरीज और शो की विशेष झलक दिखाई जाएगी।



# अदालत में रो पड़े एलेक बाल्डविन

**लॉस एंजिलिस।** न्यू मैक्सिको के एक न्यायाधीश ने शुक्रवार को एलेक बाल्डविन के खिलाफ अनैच्छिक हत्या के आरोपों को खारिज कर दिया। न्यू मैक्सिको के सांता फे में मुकदमे की अध्यक्षता कर रहीं न्यायाधीश मैरी मार्लो सोमर ने कहा कि सिनेमैटोग्राफर हैलिना हचिन्स की मौत से संबंधित संभावित गोलियां, जो बाल्डविन के मामले के लिए कारगर हो सकती थीं, पुलिस और अभियोजकों द्वारा उनके वकीलों को इसकी जानकारी नहीं दी गई। न्यू मैक्सिको में बाल्डविन का मुकदमा शुरू होने के तीन दिन बाद न्यायाधीश मैरी मार्लो सोमर ने शुक्रवार को बचाव पक्ष के अनुरोध पर साक्ष्य सुनने के बाद फैसला सुनाया। एलेक बाल्डविन फैसला सुनने के बाद रो पड़े और उन्होंने अपनी पत्नी हिलारिया बाल्डविन को गले लगाया, जो इस सप्ताह की सुनवाई के दौरान अदालत में मौजूद थीं।



# ऐश्वर्या ने झेला रिजेक्शन सुनाई आपबीती

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस ऐश्वर्या राजेश ने लोगों के मिले ताने और करियर रिजेक्शन पर खुलासा किया। ऐश्वर्या ने कहा कि शुरुआत में उनसे कहा गया कि वह हीरोइन बनने के लिए बहुत सिंपल है। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि वह स्टार की तरह पेश नहीं आती और समय बर्बाद कर रही हैं। ऐश्वर्या राजेश ने कहा, 'जब मैंने एक्टिंग करना शुरू किया तो कुछ लोगों ने मुझसे कहा कि मैं हीरोइन नहीं बन सकती, क्योंकि मैं बहुत सिंपल हूं। शुरुआत में मुझे बहुत सारे रिजेक्शन का सामना करना पड़ा, लेकिन मैं आगे बढ़ती रही और हिम्मत बनाए रखी।' कन्नड़, तमिल और तेलुगू फिल्मों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं ऐश्वर्या राजेश आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। उनकी गिनती साउथ की पॉपुलर और टॉप एक्ट्रेसेस में होती है। ल



# 'काकुड़ा' से मुकाबला करते दिखे रितेश

**मुंबई।** ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 ने आदित्य सरपोतदार की फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें 'ककुडा' को 'मैनहंटर' और रितेश देशमुख उर्फ विक्टर को 'घोस्ट हंटर' के रूप में दिखाया गया है। सोनाक्षी सिन्हा और रितेश देशमुख की फिल्म 'काकुड़ा' ऐलान के बाद से ही सुर्खियों में छाई हुई है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया था, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ा दिया। वहीं, अब फैंस की उत्सुकता को और बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने फिल्म से अभिनेता रितेश देशमुख का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें 'ककुडा' को 'मैनहंटर' और रितेश देशमुख उर्फ विक्टर को 'घोस्ट हंटर' के रूप में दिखाया गया है। इस तीखे और डरावने मुकाबले में यह देखना बाकी है कि आखिर में कौन जीतेगा।

## टीवी मसाला



# 'तारक मेहता का...' में वापसी कर रहा है ये मेन कैरेक्टर?

**नई दिल्ली।** टीवी का फेमस सिटकॉम 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' बीते करीब 16 सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। ये एक ऐसा शो है जिसे हर उम्र के लोग देखना पसंद करते हैं। इस शो की कहानी ही नहीं, बल्कि इसके किरदार भी दर्शकों के बीच काफी चर्चा में रहते हैं। इस शो में अब तक कई कलाकार आए और गए, लेकिन जाने के बाद के भी वो फैंस के बीच चर्चा में रहते हैं। बीते कुछ सालों में कई मेन कलाकारों ने शो को अलविदा कहा। वहीं, ये शो कई विवादों में भी घिरा रहा है। इस बीच अब शो के एक लीड कलाकार की वापसी की खबर सामने आ रही है। इस एक्टर का नाम सुनकर आप भी खुशी से झूम उठेंगे। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाकर घर-घर में फेमस हुए गुरुचरण सिंह एक बार फिर से शो में वापसी कर सकते हैं। गुरुचरण का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो शो में वापसी को लेकर बात करते नजर आ रहे हैं। गुरुचरण से जब पूछा गया कि क्या उन्हें फिर से तारक मेहता में देखने को मिलेगा।

## 'बिग बॉस ओटीटी 3' के लिए अरमान मलिक ने हथियाया था ये हथकंडा

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' को लेकर दर्शकों के बीच एक्सीडेंट काफी बढ़ता जा रहा है। शो में इस बार पत्रकार से लेकर यूट्यूबर, रैपर,



टीवी और बॉलीवुड तक के स्टार्स ने एंट्री ली है। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा में दो बीवियों वाले अरमान मलिक हैं। अब बिग बॉस 17 के एक्स कंटेस्टेंट तहलका प्रैंक उर्फ सनी आर्या ने उनका असली चेहरा दिखाया है। सनी ने वीडियो शेयर कर दिखाया कि शो में आने के लिए अरमान किस हद तक जा सकते हैं। तहलका, अरमान का वीडियो बना रहे होते हैं, तभी वो उनसे कैमरा छीनने की कोशिश करते हैं। इस पर सनी, अरमान से कहते हैं कि ये हरकत मत कर पहले बोल रहा हूं। लोगों ने कहा कि तू नाटक कर रहा है। बिग बॉस में जाने के लिए इस तरह के हथकंडे हथियाते हो। इस पर अरमान कहते हैं कि मुझे कोई शौक नहीं है बिग बॉस में जाने का छत्तीस मैसेज आ रखें हैं।

# 'द कार्दशियन' में दिखेगी अनंत-राधिका की शादी की झलक?

**मुंबई।** किम कार्दशियन और क्लो कार्दशियन, अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी का हिस्सा बनने के लिए बीते दिन 11 जुलाई को मुंबई पहुंचीं। वेन्यू पर



दोनों का भव्य स्वागत हुआ। साथ ही किम और क्लो ने पैपराजी के कैमरों के लिए भी ढेरों पोज दिए। वहीं, अब कार्दशियन बहनों को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट की मानें तो स्टार बहनें अपने रियलिटी शो 'द कार्दशियन' के लिए इस वेडिंग को फिल्माने वाली हैं। कथित तौर पर किम और क्लो अपने रियलिटी शो 'द कार्दशियन' के लिए अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी को कैप्चर करेंगी। जानकारी तो यह भी है कि बहनें यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ग्लैम टीम लेकर आई हैं कि वे अपनी पूरी यात्रा के दौरान सर्वश्रेष्ठ दिखें। अपने हेयर स्टाइलिस्ट क्रिस एपलटन, मेकअप कलाकार और फिल्म निर्माता के साथ, किम कार्दशियन और क्लो कार्दशियन अपने शो के संभावित छठे सीजन के मुख्य आकर्षण के लिए अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में भारत आने से लेकर भारत में रुकने तक की अपनी यात्रा को फिल्माएंगी।

# 'कई पुराने परिचितों के लिए प्यार महसूस हुआ' अनंत-राधिका की शादी के बाद यादों में खोए बिग बी

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन ने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में शामिल होने का अपना अनुभव साझा किया। अभिनेता अपने परिवार, जया बच्चन, अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के साथ इस भव्य समारोह में शामिल हुए। शादी में शामिल होने के बाद बिग बी ने देर रात अपने ब्लॉग पर इस कार्यक्रम के बारे में अपने विचार साझा किए। अपने ब्लॉग में अभिनेता ने अपने अनुभव को साझा करने की उत्सुकता व्यक्त की। उन्होंने लिखा, 'हां, इस अलौकिक समय में भी जुड़ने की इच्छा और इच्छाशक्ति- कुछ लोगों के लिए, यह काम का समय है, लेकिन मेरे लिए समय का उपयोग करने की आवश्यकता है। एक शानदार शादी से वापस




*'हां, इस अलौकिक समय में भी जुड़ने की इच्छा और इच्छाशक्ति- कुछ लोगों के लिए, यह काम का समय है, लेकिन मेरे लिए समय का उपयोग करने की आवश्यकता है।*

आकर मैं लंबे समय के बाद इतने सारे पुराने परिचितों के साथ प्यार और स्नेह की समृद्धि महसूस कर रहा हूं। अमिताभ बच्चन ने आगे कहा, 'ऐसा लग रहा था कि उनकी शारीरिक बनावट बदल गई है, लेकिन वे अपने रिश्ते और साथ में बिताए गए समय के प्रति बेहद ईमानदार हैं। यही तो जीवन है, रिश्ता, प्यार और देखभाल।' अमिताभ बच्चन ने आगे अपनी पुराने रिश्तों को भी याद किया और लोगों के जीवन में उसके महत्व को भी समझाया। उन्होंने आगे लिखा, 'यह अजीब है कि कैसे छोटी-छोटी चीजें जो एक-दूसरे के लिए मायने रखती हैं, बनी रहती हैं, लेकिन जिनके साथ गहरा संबंध था या जिन्होंने सार्थक समय बिताया था, वे खो जाते हैं और भुला दिए जाते हैं... वास्तव में भुलाए नहीं जाते हैं, लेकिन पीछे रख दिए जाते हैं और केवल तभी याद किए जाते हैं या सामने लाए जाते हैं, जब संबंध का आवश्यक अर्थ होता है।'

# जब इस फिल्म ने बुलंद कर दिया था धर्मेंद्र का सितारा, बना दिया था सुपरस्टार

**नई दिल्ली।** धर्मेंद्र का नाम बॉलीवुड के उन एक्टर्स में शुमार रहा है, जो उम्दा एक्टर होने के साथ साथ गजब की फैन फॉलोइंग भी रखते थे। करियर की पीक पर रहते हुए उन्होंने एक से बढ़ एक फिल्में दी हैं, जिसमें एक्शन से लेकर रोमांस और कॉमेडी जोनर तक की फिल्में शामिल हैं। वैसे तो धर्मेंद्र का करियर पचास और साठ के दरम्यानी दौर में शुरू हो गया था, लेकिन उनकी सबसे ज्यादा हिट फिल्मे रहीं लेट सिक्सिटीज फिर सत्तर के दशक की। यही वो समय था जब उनकी एक फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कमाल दिखाया कि करीब पचास हफ्ते तक वो फिल्म थिएटर से उतरी ही नहीं। इस फिल्म को प्यार न सिर्फ भारत में मिला, बल्कि दुनियाभर में भी ये फिल्म छाई रही।



## धर्मेंद्र की वो सुपरहिट फिल्म

वैसे तो धर्मेंद्र अब भी फिल्मों में एक्टिव हैं। 88 साल की उम्र में धर्मेंद्र, शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ उनकी फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में दिख चुके हैं। इससे पहले रॉकी और रानी की लवस्टोरी में भी धर्मेंद्र नजर आए । लेकिन हम जिस मूवी की बात कर रहे हैं वो आई थी साल 1977 में। ये फिल्म थी धरम वीर। इस एक्शन ड्रामा मूवी में धर्मेंद्र के साथ दिखी थीं जीनत अमान, जितेंद्र और नीतू सिंह। इन सबके अलावा प्राण भी इस फिल्म में अहम भूमिका में थे।

**50 हफ्ते तक लगी रही फिल्म :** जुड़वा भाइयों की कहानी पर बेस्ड ये फुल ड्रामा मूवी, भारत में खूब पसंद की गई। फिल्म करीब पचास हफ्ते तक थियेटर में लगी रही। उस दौर में फिल्म ने सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ही 13 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके अलावा फिल्म ने यूनाइटेड किंगडम यानी कि इंग्लैंड के पांच शहरों में भी 23 सफल शो देखे। उस दौर में सिर्फ इंग्लैंड में फिल्म ने 4 लाख 38 हजार रुपए की कमाई की। यहां मोहम्मद रफी की आवाज में गाए गीत भी खूब पसंद किए गए।

# ऐश्वर्या से माफी मांगना चाहते हैं इमरान...

**मुंबई।** एक इंटरव्यू में एक्टर इमरान हाशमी ने उस किस्से के बारे में बात की जब उन्होंने ऐश्वर्या राय को प्लास्टिक कहकर बुलाया था। इमरान हाशमी ने अब उसबारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा है कि वो ऐश्वर्या राय से इस बात के लिए माफी मांगना चाहेंगे। इमरान हाशमी से पूछा गया कि क्या उन्हें ऐश्वर्या राय को प्लास्टिक कहने का पछतावा है? सवाल सुनते ही इमरान हाशमी ने कहा कि हां उन्हें इस चीज का पछतावा है। उन्होंने कहा कि मैं कहता रहता हूं कि मैनें जिनके बारे में बात की, उनके प्रति मेरे मन में बहुत सम्मान है। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए इमरान ने कहा कि मुझे उस चीज का पछतावा है क्योंकि वो बहुत अप्रिय था। अब



लोग बहुत सेंस्टिव हो चुके हैं। लोग सोशल मीडिया पर हर चीज पर नाराज हो जाते हैं। इमरान हाशमी ने इस बारे में बात करते हुए कहा कि अगर ऐश्वर्या राय को उनकी बात का बुरा लगा था वो उनसे माफी मांगना चाहेंगे। बता दें, कॉफी विद करण के चौथे सीजन के एक एपिसोड में इमरान हाशमी ने ऐश्वर्या राय को प्लास्टिक कहकर बुलाया था। इसके बाद, इमरान हाशमी को सोशल मीडिया पर बुरी तरह ट्रोल किया गया था। इमरान हाशमी ने कहा कि मैं बस हैंपर जीतना चाहता था और इसलिए मैंने वो कहा। हालांकि, ऐश्वर्या राय ने कभी इमरान हाशमी के इस स्टेंटमेंट पर सीधे तौर पर रिएक्ट नहीं किया है।

## सड़क पर बने गड्ढों से आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

# बारिश में निर्माणाधीन प्रतापपुर-राजपुर सड़क बनी डबरी, सफर हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रदेश में सरकार बदल गई परंतु प्रतापपुर-राजपुर मार्ग की सूरत नहीं बदल सकी। हैरानी की बात यह है दो साल से बन रहे सड़क निर्माण कार्य आज तक पूर्ण नहीं हो सकी। आलम यह है कि निर्माणाधीन सड़क के कछुआ गति से चल रहे कार्य अब राहगीर समेत क्षेत्र वासियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। गर्मी के दिनों में राहगीर समेत क्षेत्र के लोग धूल के गुबार से परेशान थे तो वही अब बारिश होने से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे तथा कीचड़ ने राहगीर समेत क्षेत्र के लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। ऐसा नहीं है कि संबंधित विभाग अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है बावजूद इसके किसी प्रकार की पहल नहीं करने का खामियाजा राहगीर समेत क्षेत्र वासियों को भुगतना पड़ रहा है।

**खास बातें**

- दो साल बाद भी नहीं हो सकी पूर्ण
- 80 करोड़ की लागत से बन रही सड़क
- क्षेत्र के ग्रामीण सहित राहगीरों में आक्रोश

प्रतापपुर-राजपुर के बीच लोक निर्माण विभाग द्वारा की स्वीकृति के बाद से ठेकेदार द्वारा करोड़ों की लागत से टू लेन सड़क निर्माण कराया जा रहा है। 80 करोड़ की लागत से बन रही सड़क निर्माण बड़े ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। विकासखंड प्रतापपुर विकासखंड में 10 किलोमीटर की सड़क बनी थी जिसमें से महज 5 किलोमीटर सड़क बनाकर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। कुछ जगहों पर तो सड़क बन गई है लेकिन जहां पहले से कार्य नहीं हुआ है वहां की स्थिति और भी खराब हो गई है। प्रतापपुर मुख्यालय से महज तीन चार किलोमीटर दूर शांति नगर से आगे पतरंगी नाला के पास निर्माण कार्य नहीं करने से सड़क की हालत दयनीय हो गई है। ठेकेदार द्वारा कछुआ की चाल से कराए जा रहे निर्माण राहगीरों के लिए आफत बन चुकी है। सड़क निर्माण कार्य लगभग दो वर्ष से शुरू है लेकिन आज तक पूरा नहीं हो सकी। ऐसे में गर्मी के दिनों में राहगीर समेत क्षेत्र के लोग सड़क के निर्माणाधीन होने तथा धूल के गुब्बार से परेशान थे वही अब बारिश के बाद सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे और कीचड़ से परेशान है।



निर्माणाधीन सड़क के गड्ढों में जमा बारिश का पानी।

### घटिया निर्माण को छिपाने कर दिए डामरीकरण

निर्माणाधीन सड़क शुरू से ही विवादित हो चुका है। पूर्व में ठेकेदार द्वारा ग्राम पंचायत चाचीडांड बस्ती से लगभग 1 किलोमीटर दूरी तक सीसी सड़क का निर्माण कराया था। सीसी सड़क इतना घटिया था कि बनने के कुछ दिन बाद ही अपने आप उखाड़ना शुरू हो गया था। बेहद ही घटिया निर्माण को ढकने के लिए अधिकारी और ठेकेदार द्वारा घटिया सीसी रोड पर डामरीकरण कार्य कर दिया। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में खानापूर्ति करने की शिकायत कलेक्टर की तथा कार्रवाई करने की मांग की थी।

### स्कूली बच्चों की बढ़ी परेशानी

प्रतापपुर-राजपुर मुख्य मार्ग के निर्माणाधीन होने के साथ सड़क के जर्जर व कीचड़ हो जाने से स्कूली बच्चों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यह सड़क कई ग्रामों को ब्लॉक मुख्यालय तक जोड़ता है जिसमें सैकड़ों की संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं प्रतिदिन प्रतापपुर मुख्यालय में अध्यापन कार्य करने पहुंचती है। खराब सड़क होने के वजह से बच्चों के कपड़े तक खराब हो जा रहे हैं।

### हो सकती है बड़ी दुर्घटना

पतरंगी नाला पुल पर सड़क के बीच गड्ढा इतना बड़ा हो चुका है कि कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। राहगीरों को यहां समझ में ही नहीं आता कि सड़क पर गड्ढा है या गड्ढे पर सड़क है। पुल पर मिट्टी भर जाने से बारिश का पानी पुल के ऊपर भर जाता है। इधर दोनों तरफ घाट होने की वजह से कच्ची मिट्टी बारिश से फैल गई है जिससे सड़क की स्थिति दयनीय हो गया है।

### सड़क की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

प्रतापपुर-राजपुर सड़क की सबसे बड़ी खास बात यह है कि आधा सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग सूरजपुर में आता है जबकि आधा सड़क बलरामपुर रामानुजगंज डिवीजन में आता है। जिसके वजह से सड़क के गुणवत्ता को लेकर सवाल उठता है। हालांकि पूरे सड़क निर्माण को बलरामपुर जिले से पीडब्ल्यूडी अधिकारी संचालित करते हैं। अधिकारियों की साठ गाठ पर ठेकेदार की मनमानी के वजह से सड़क की हालत बद से बत्तर हो गई है।

### गुणवत्ताहीन कार्य की मिली है शिकायत

सड़क निर्माण में हो रहे गुणवत्ता विहीन कार्य की शिकायत मिली है। संबंधित विभाग के अधिकारी से बात कर जांच कर कार्रवाई के लिए अनुशंसा करती हूं।

-ललिता भगत
एसडीएम प्रतापपुर

हैरानी की बात यह है कि यह सड़क जिला मुख्यालय से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है जिसमें जनप्रतिनिधियों से लेकर जिले के आला अधिकारी आए दिन गुजरते हैं। बावजूद इसके उनके द्वारा किसी प्रकार की पहल नहीं की जाती जिसका खामियाजा राहगीर और क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

## मामूली बात को लेकर युवक पर चाकू से हमला, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** गंगापुर दुकान के समीप हाथ से टक्कर लग जाने की मामूली बात को लेकर शराब के नशे में धुत युवकों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। कंपनी बाजार समीप निवासी संदीप चौधरी आ. शकलदीप चौधरी शुक्रवार को दोस्त सत्यम साहू के साथ गैस टंकी लेने गंगापुर रोजगार कार्यालय के समीप गया था। रात लगभग 9 बजे गैस टंकी गिरने से हाथ में चोट लग गया जिससे पास स्थित दुकान में बेडेज लेने गया था। इसी दौरान दोस्त सत्यम का हाथ वहां मौजूद युवकों से टकरा गया। इसी बात को लेकर युवाओं ने गाली गलौज करते हुए चाकू से सत्यम के सिर पर हमला कर दिया जिससे कान में गंभीर चोटे आई। दोनो ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई तथा घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

























## उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में छात्र—छात्राओं ने किया पौधरोपण

**रामानुजगंज।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में छात्र-छात्राओं ने पौधरोपण किया। महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा पौधरोपण के महत्व के बारे में बताया कि जिस प्रकार शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है ठीक उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़ पौधों की आवश्यकता होती है। पेड़—पौधे पर्यावरण के अशुद्धियों को सोख लेते हैं, और हमें शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैं। इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़—पौधे लगाने चाहिए। पेड़—पौधे लगाने के बाद इसका संरक्षण करना भी बहुत अनिवार्य है। गत दिन छात्र—छात्राओं और शिक्षकों द्वारा मिलकर महाविद्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया गया जिसमें आम, बेल, पीपल, मुनगा, बरगद, जामुन, नीम, साल, शीशम, महुआ व अन्य औषधि वाले पौधे लगाए गए। इस दौरान शिक्षक डॉ. प्रीति टोप्पो, डॉ. द्वारिकाधीश चुरपाल, डॉ. अलका सिंह, अखिलेश्वर साहू, डॉ. ममता पैकरा, डॉ. गुंजेश्री गोंड, डॉ. शशिकला लकड़ा, कु. चंद्रकला एवं कर्मचारी संदीप कुमार, हीरासाय, रामसागर सहित अन्य उपस्थित थे।



### रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण के प्रति किया जागरूकता

**रजपुरीकला।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के स्टाफ सहित छात्राओं ने आज पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली तथा लोगों को पौधे वितरण किया। विद्यालय परिसर में ही पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। साथ ही शासन के मंशा अनुरूप एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत शाला प्रांगण में पौधारोपण के साथ ही पास के माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला में भी पौधा दान कर पौधरोपण एवं लोगों को पर्यावरण के पति जागरूक किया गया। स्कूल परिसर से शिक्षक सहित छात्राओं ने रैली निकाली और गांव में भ्रमण के दौरान लगभग 50 पौधे दान कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। कस्तूरबा परिवार द्वारा पहले भी पौधे दान कर गांव को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाता रहा है। वर्तमान में भी यह प्रयास जारी है। इस दौरान कस्तूरबा अधीक्षिका श्रीमती अनुराधा सिंह,शिक्षिका श्रीमती छवि लता महापात्र, श्रीमती दीप्ति वर्मा, श्रीमती मेरी ममता लकड़ा,श्रीमती रूप चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।



### पर्यावरण संरक्षण के लिए स्कूल परिसर में किया गया पौधरोपण

**सूरजपुर।** साधुराम विद्या मंदिर परिसर में पर्यावरण संरक्षण व पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण कराया गया। स्कूली बच्चों व उनके अभिभावकों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी ली। बच्चों व परिजनों ने स्कूल के शिक्षक के साथ मिलकर फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया जिसमें आम, अनार, जामुन, अमरूद, सौगंध,करंज, तुलसी इत्यादि के पौधे लगाएगए। अभिभावकों ने पौधरोपण के आयोजन तथा पर्यावरण के प्रति बच्चों में जागरूकता लाने की सराहना की। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर राहुल अग्रवाल, प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय, उप प्राचार्य डीडी तिवारी सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे व अभिभावक उपस्थित थे।



### साप्ताहिक बाजार से चोरों ने पार की बाइक

**मानीचौक।** साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने गए ग्रामीण की बाइक को चोरों ने पार कर दिया। बाइक चोरी हुए कई दिन हो गए परंतु आज तक पुलिस ने अपराध दर्ज नहीं किया है। इधर बाइक मालिक खुद ही चोरी हुई बाइक की तलाश करने में जुटा है। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत मानी निवासी राजेश सिंह पावले बाइक क्रमांक सीजी 15 एफ 3755 से मंगलवार को मानी में साप्ताहिक बाजार खरीदारी करने गया था। ग्रामीण बाइक को सड़क किनारे खड़ा कर खरीदारी करने चला गया। कुछ समय बाद घर जाने के लिए बाइक लेने पहुंचा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। ग्रामीण बाइक की काफी खोजबीन की परंतु बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने थाना पहुंचा। इधर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित को चार पांच दिन ढूंढने की बात कहकर वापस भेज दिया। तब से आज तक पीड़ित ने जगह जगह अपनी बाइक की तलाश करने में जुटा है। मानी सरपंच श्रीमती सोनामनी ने कहा की साप्ताहिक बाजार से मोटर साइकिल चोरी होने की पहली घटना है। बाजार करने आए लोगों की साइकिल या बाइक चोरी होना अशोभनीय है घटना की जांच बारीकी से करने की बात मैं खुद थाना प्रभारी से करूंगी।



























## खबर संक्षेप



### ग्राम केवड़ा आवासीय परिसर के मंदिर में किया गया प्राण प्रतिष्ठा

**भैयाथान।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम केवरा में प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा निर्मित राम मंदिर का तीन दिवसीय भगवान राम की प्राणप्रतिष्ठा धार्मिक अनुष्ठान के साथ संपन्न हुई। प्राणप्रतिष्ठा के पहले दिन अन्य प्रांतों से अनुष्ठान करवाने पहुंचे पुरोहित द्वारा भगवान राम, माता सीता,लक्ष्मण, हनुमान, भगवान शिव, नंदी को जलाभिषेक कराया गया। निर्धारित समय अवधि में अन्न तथा तीसरे दिन विधि विधान व मंत्रोच्चारण के साथ भगवान की प्राणप्रतिष्ठा कर उन्हें स्थापित किया गया। धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान कंपनी के अधिकारी महेंद्र पाण्डेय रहें। इस संबंध में कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक डी पात्रा ने बताया कि ग्राम केवरा आवासीय परिसर स्थित नवनिर्मित राम मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा के धार्मिक अनुष्ठान में भैयाथान, बड़सरा, बसकर, खाड़ापारा, दनौली, केवरा, कुसमुसी, कुर्रीडीह सहित आसपास के सभी जनप्रतिनिधि व ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान कंपनी के निर्देशक एके चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष एके सिंह, राम जयपाल सिंह, विजय यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की बैठक में लिए गए विभिन्न निर्णय



**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज में हुई नियुक्ति एवं पदोन्नति में अनियमितता का मामला गहराते जा रहा है। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक में पदाधिकारियों ने मामले को प्रदेश स्तर पर उठाने एवं मेडिकल कॉलेज के डीन एवं संबंधित लिपिक को निलंबित करने की मांग करने का निर्णय लिया है। रविवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की बैठक संरक्षक ओपी शर्मा, प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष रविंद्र तिवारी, प्रांतीय महामंत्री अनिल पाण्डेय, आरडी दीवान की उपस्थिति में हुई। बैठक में शासन स्तर पर लंबित मांगों के संबंध में चर्चा उपरांत नई रणनीति बनाई गई। मेडिकल कॉलेज की नियुक्ति एवं पदोन्नति में व्यापक अनियमितता के मामले में कार्रवाई नहीं होने से नाराज पदाधिकारियों ने मामले को प्रदेश स्तर पर उठाने, स्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत करा जांच समिति गठित करने एवं डीन व संबंधित लिपिक के निलंबन की मांग करने का निर्णय लिया। संघ द्वारा सभी जिलों एवं विकासखण्डों में नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव कराने, विभाग में लंबित विभिन्न कैडर की लंबित पदोन्नति एवं संविदा कर्मचारियों की तरह एनएचएम के संविदा कर्मियों को 27 फीसदी वेतन वृद्धि के लिए आवश्यक पहल करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संघ के सभी जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, हत्या का प्रयास मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** पड़ोसी ग्रामीण से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर कार्रवाई की है।



लखनपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अंधला उरांवपारा निवासी निरंजन तिग्गा से पड़ोसी तरसु मिंज द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर 11 मई को मारपीट की गई। इस दौरान शोर शराबा सुनकर जब निरंजन तिग्गा की पत्नी सुधयारो तिग्गा बाहर निकली तो देखा कि पड़ोसी तरसु मिंज पति के साथ मारपीट कर रहा है। महिला ने किसी तरह बीच बचाव कर अपने पति को छुड़ाया और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। मारपीट में निरंजन तिग्गा को नाक, आंख, मुंह में गंभीर चोट आई थी। ग्रामीण को उपचार के लिए चिकित्सकों द्वारा रायपुर रिफर किया गया था। उपचार के बाद महिला की सूचना पर पुलिस ने निरंजन तिग्गा का मुलाहिजा कराने के बाद धारा 294, 506, 323 व 307 के तहत 61 वर्षीय तरसु मिंज को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान अपना जुर्म कबूल किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर अश्वनी सिंह, सउनि रामचंद्र यादव, आरक्षक जानकी राजवाड़े, राकेश यादव आदि शामिल रहे।

### विधानसभा मतदाता अभिनंदन 17 को

**मनेन्द्रगढ़।** लगातार तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर एवं एनडीए की सरकार मतदाताओं द्वारा तीसरी बार चुने जाने पर भाजपा के राष्टीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है। इसमे विकसित भारत, भाजपा का संकल्प पत्र, मोदी की गारंटी विषयों पर भी चर्चा होगी। मनेन्द्रगढ़ विधानसभा का मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम 17 जुलाई बुधवार को मनेन्द्रगढ़ विस का तथा भरतपुर-सोनहत विधान सभा का जनकपुर स्थित समुदायिक भवन में 18 जुलाई गुरुवार को संपन्न होगा। उक्त मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय, संभागीय संगठन प्रभारी राजा पाण्डेय, एमसीबी जिला संगठन प्रभारी व विधायक उधेश्वरी पैकरा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल आदि की उपस्थिति में संपन्न होना है।

## खतरे में बच्चों का भविष्य, कैसे होगी गुणवत्ता पूर्ण पढ़ाई

# तंग कमरे में एक साथ बैठकर मिडिल प्राइमरी के बच्चे गढ़ रहे अपना भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- शासकीय भवन उपलब्ध नहीं होने के कारण जर्जर भवनों में संचालित हो रही आधा दर्जन शालाएं

शासन द्वारा करोड़ों रूपए खर्च करने के बावजूद स्कूल भवनों की स्थिति में सुधार नहीं हो सका है। जर्जर भवनों में अपना भविष्य गढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा के लिए विभाग ने वैकल्पिक भवनों में उनकी पढ़ाई की व्यवस्था की है। हालत यह है कि कहीं अतिरिक्त कमरे में एक साथ पांच कक्षाओं के बच्चे भेड़-बकरियों की तरह पढ़ाई करने मजबूर हैं तो भवन की व्यवस्था नहीं होने के कारण टपकते छत के नीचे बैठकर बच्चे अपना भविष्य गढ़ने की मशक्कत कर रहे हैं। जिन स्कूलों में बच्चों के बैठने तक की व्यवस्था नहीं हैं वहां बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की बात पर हैरानी होती है।

विकासखण्ड मैनपाट में तीन दर्जन से अधिक स्कूल भवन अत्यंत जर्जर थे। शिक्षक वर्षों से जर्जर भवन की समस्या से अधिकारियों को अवगत करा रहे थे लेकिन विभाग न तो भवनों की मरम्मत करा पा रहा था न ही नए भवन के निर्माण की पहल। पिछले साल राज्य सरकार ने ऐसे सभी भवनों की आवश्यकतानुसार पुनर्निर्माण एवं मरम्मत कराने की स्वीकृति प्रदान की। जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत एवं नवनिर्माण कराने की जिम्मेदारी लेने वाले ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से ठेकेदारों ने लगभग दो दर्जन स्कूल भवनों एवं अतिरिक्त कक्षों का आनन-फानन में निर्माण शुरू कर आधे-अधूरे हाल में छोड़ दिया। ब्लॉक के 17 स्कूलों का भवन बनाने कहीं मात्र नींव की खुदाई की गई है तो कहीं मात्र नींव का निर्माण ही पूरा हो सका वहीं 38 स्कूल भवनों के निर्माण की पहल तक शुरू नहीं हो सकी। नए शिक्षा सत्र में इन खतरनाक बन चुके भवनों से सुरक्षा के लिए आनन-फानन में वैकल्पिक भवनों की व्यवस्था की गई है। दूरस्थ क्षेत्रों में पक्के शासकीय भवन उपलब्ध नहीं होने के कारण अधिकारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों को स्कूल संचालन के लिए भवन उपलब्ध कराने के लिए राजी किया। पक्के भवन के अभाव में अनेक गांवों में प्राइमरी व मिडिल की कक्षाएं अतिरिक्त कक्ष के तंग कमरे में संचालित हो रही हैं तो कहीं आंबा भवन एवं पंचायत भवन में। शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने तक तकनीकी अधिकारी शीघ्र भवन निर्माण कराने का दावा कर रहे थे। स्कूल भवनों के गुणवत्ताहीन निर्माण एवं मरम्मत की शिकायत के बाद राज्य सरकार ने स्वीकृत राशि वापस मंगा ली है। ऐसे में निकट भविष्य में इन जर्जर शालाओं का निर्माण भी संभव नहीं है।



आंबा केन्द्र जंगलपारा में संचालित प्राथमिक शाला।

### आंधी में उड़ गए 8 स्कूलों के शेड

शासन द्वारा विकासखण्ड के 8 जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत कराई गई थी लेकिन मानसून पूर्व के अंधड़ में ही स्कूल का शेड उखड़कर तबाह हो गया। ग्राम बरडांड, बैगहवा पारा, चैनपुर, मालतीपुर, पनही पखना, ग्राम वंदना स्थित दो प्राथमिक शालाओं एवं ग्राम बरिमा एवं जामडीह मिडिल स्कूल भवन की छत से बरसात में पानी टपकता था। अधिकारियों ने टपकते पानी से राहत देने के लिए छत पर शेड बनाने की तरकीब निकाली थी। विभाग ने ठेकेदारों के माध्यम से छत के ऊपर शेड भी बनवा दिया लेकिन मानसून से पहले अंधड़ में ही नवनिर्मित शेड उखड़कर तबाह हो गया। शिक्षकों ने अधिकारियों को बरसात में छत टपकने एवं पढ़ाई में बाधा आने से अवगत भी कराया लेकिन गांव में वैकल्पिक भवन उपलब्ध नहीं होने के कारण जर्जर शालाओं में ही भारी परेशानी के बीच कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। प्राथमिक शाला भवन बंदना एवं मालतीपुर का पुराना भवन ठेकेदार ने ढहा दिया था लिहाजा वंदना शाला का संचालन गांव के आंबा भवन में जबकि मिडिल स्कूल मालतीपुर का संचालन प्राथमिक शाला भवन में किया जा रहा है।

### एक साथ पांच कक्षाओं की पढ़ाई

विकासखण्ड के जर्जर शालाओं का संचालन अतिरिक्त कक्ष, पास के स्कूल भवन एवं अन्य शासकीय भवनों के एक मात्र कमरे में किया जा रहा है। तंग कमरों में मिडिल स्कूल में अध्ययनरत कक्षा 6वीं, 7वीं एवं आठवीं के बच्चे तथा प्राइमरी स्कूल के कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चे एक साथ बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। एक कमरे में दूसरे शिक्षक का पढ़ाना संभव नहीं होने के कारण एक ही शिक्षक बारी-बारी से सभी कक्षा के बच्चों को पढ़ाते है। विभाग के पास भी भवन की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण इस बड़ी समस्या के निराकरण का कोई उपाय नहीं है।

### भवन की समस्या

दूरस्थ क्षेत्रों में वैकल्पिक भवन उपलब्ध नहीं होने के कारण कुछ शालाओं का संचालन जर्जर भवनों में किया जा रहा है। जहां भवन उपलब्ध है वहां अतिरिक्त कक्ष, आंबा भवन एवं पंचायत भवन में शालाओं का संचालन किया जा रहा है।

-योगेश शाही
बीईओ, मैनपाट



बारिश से ढहा दीवार।

## बारिश में ढही पद्मश्री माता राजमोहिनी के समाधि स्थल की बाउंड्रीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

कांग्रेस सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत पद्मश्री माता राज मोहनी देवी के समाधि स्थल के विकास के लिए 50 लाख रुपए की राशि दिया। हैरानी की बात यह है कि समाधि स्थल के विकास और सौंदर्य कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। पिछले दिनों तीन दिन की बारिश में बाउंड्री वॉल ढह गया। पूर्व में पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी संस्था के अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह ने घटिया निर्माण को लेकर कलेक्टर सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों से की परंतु किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से अब बाउंड्री वॉल टूट गया पूरी तरह धराशाई हो गई।

जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 50 लाख की लागत से पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी के समाधि स्थल ग्राम पंचायत गोविंदपुर के रजमेलान मे बाउंड्री वॉल, शौचालय निर्माण के अलावा सुंदरीकरण सहित अन्य कार्य को स्वीकृत किया था। ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा था। ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण करते हुए कार्य पूर्ण किया जा रहा था। जिसकी शिकायत संस्था के अध्यक्ष ने कई बार कलेक्टर व विभागीय अधिकारियों से की थी लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने के कारण पिछले तीन दिनों से हुई बारिश के बाद बीती रात या बाउंड्री वॉल भर भर कर गिर गई जिससे घटिया निर्माण की पोल खुल गई। पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी केवल सरगुजा संभाग ही नहीं बल्कि दूसरों प्रदेश उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार व अन्य राज्यों में भी ख्याति प्राप्त महान संत हैं। पहली बारिश में बाउंड्री वॉल के टूट जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने जांच कर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

इस संबंध में एसडीएम ने ललिता भगत ने बताया कि मामले की जांच कर जांच प्रतिवेदन संबंधित विभाग एवं कलेक्टर को सौंपा जाएगा। साथ ही कड़ी कार्रवाई करने की अनुशंसा की जाएगी।

### पीईकेबी कोयला खदान संचालन एवं पीसीबी खदान को शुरू कराने मांग, मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** पीईकेबी कोयला खदान के संचालन और सूरजपुर जिले के प्रेमनगर स्थित परसा कोल ब्लॉक को शुरू कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।



दोनों जिलों के ग्राम साल्ही से चंदरकेश्वर पोर्ते, रघुनन्दन पोर्ते, ग्राम घाटबर्रा से मुकेश यादव, मुन्ना यादव, हरिश्चंद्र व अन्य, फतेहपुर से समल सिंह पोर्ते, केश्वर पोंर्ते, धनश्याम पोर्ते, तारा से रंग लाल मरकाम, शिवरतन, बाबूलाल यादव, हरिहरपुर के राजेश्वर दास, नेमसाय कोरंम सहित लगभग 20 ग्रामीणों का एक समूह 13 जुलाई को रायपुर पहुंचा। उन्होंने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में उनके क्षेत्र में चल रही पीईकेबी कोयला खदान और पीसीबी के समर्थन में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया है कि पीईकेबी विगत 12 वर्षों से संचालित है। इस खदान में आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों स्थानीय लोग नौकरी कर जीवन यापन कर रहे हैं। किन्तु वर्तमान में पीईकेबी कोयला खदान के निरंतर संचालन आवश्यक भूमि उपलब्ध नहीं है जिससे खनन का कार्य प्रभावित हो रहा है। अतः इसके सुचारु रूप से संचालन के लिए वन भूमि उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। इसके संचालन नहीं होने से रोजी रोटी छिन जाएगी।

## भू माफियाओं ने घर में घुसकर मां-बेटे पर किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मदनपुर

- घर में तोड़ फोड़ कर सामना फेका बाहर, रिपोर्ट पर पुलिस अपराध किया दर्ज

ग्राम पंचायत मदनपुर में विवादित भूमि पर अवैध कब्जा लेने की नियत से भू माफिया व उसके गुर्गों ने घर मे अ के ली महिला व उसके पुत्र पर लोहे की रॉड व सब्बल, लाठी से जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से घायल महिला व उसके पुत्र ने भू-माफिया के चंगुल से भाग कर जान बचाई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मदनपुर निवाासी राधा गोविंद मण्डल व सिलफिली निवासी गौरांग मंडल के मध्य कई साल से अम्बिकापुर-मनेंद्रगढ़ नेशनल हाईवे से लगी भूमि का विवाद चल रहा है। भूमि पर कब्जा करने के उद्देश्य से सिलफिली निवासी गौरांग चंद मंडल, उसके पुत्र ऋषि व पत्नी समेत आधा दर्जन से अधिक बाहरी लोगों ने नकाब बांध कर रॉड, सब्बल, डंड़ा लेकर एकाएक शनिवार की दोपहर 3 बजे राधा गोविंद के विवादित भूमि पर पहुंचे और घर में घुसकर उसकी पत्नी पूर्णिमा मंडल व पुत्र पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से घायल मां-बेटा किसी तरह भाग कर जान बचाई। इधर हमलावर पूर्णिमा की पुत्र के साथ भी मारपीट करना शुरू कर दिया जिसे देख मां बीच बचाव करने पहुंची तो उसके साथ भी जमकर मारपीट की गई। साथ ही घर में रखे सामान को बाहर फेंक दिया और रॉड व सब्बल से घर व म्यार, कंड़ी व छप्पर को क्षतिग्रस्त कर दिया। इधर मारपीट से गंभीर हुए पूर्णिमा व पुत्र-पुत्री को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि दर्जनों लोग हथियार लेकर उसकी पत्नी, बेटा व पुत्री पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से घायल पत्नी, बेटा व पुत्री का उपचार जिला चिकित्सालय में किया जा रहा है। इधर जयनगर पुलिस द्वारा सिर्फ गौरांग मंडल पर कार्रवाही करना समझ से परे है। बहरहाल पुलिस ने पीड़ित परिवार की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 333, 191(1), 191(3),324 (4), 74, 115(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।



क्षतिग्रस्त घर, बाहर फेंके गए सामान।



घटना स्थल पर मौजूद पुलिस व लोगों की भीड।

## आपसी भाई चारे के साथ सौहार्द पूर्ण मनाएं त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- जयनगर थाना में हुई शांति समिति की बैठक

मोहर्रम व श्रावण मास के कांवर यात्रा को लेकर रविवार को जयनगर थाना में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे के निर्देशानुसार पुलिस थाना जयनगर प्रांगण में रविवार को मोहर्रम व श्रावण मास के कांवर यात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक जयनगर टीआई नरेंद्र सिंह की उपस्थिति में आहूत की गई।

बैठक में मोहर्रम व कांवर यात्रा में शासन द्वारा जारी गाइड लाइन के तहत कार्य किए जाने हेतु थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह द्वारा उपस्थितजन से आह्वान किया गया। बैठक में थाना प्रभारी ने उपस्थित जन को आपसी भाई चारे के साथ सौहार्द पूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की बात कही। साथ ही थाना प्रभारी ने उपस्थित जन को अवगत कराया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया है, इस वजह से डीजे का उपयोग बिलकुल नहीं किया जाए। जुलूस के दौरान सड़क के एक किनारे ही लोग चलें, जिससे दूसरे हिस्से से आवागमन अनवरत जारी रहे। सड़क जाम होने से कभी कभी आपातकालीन सेवाएं काफी प्रभावित हो जाती हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि सभी गांव में एक टीम गठित करके उन्हें पुलिस मित्र बनाई जाए, जिससे आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में काफी हद तक सफलता मिल सकती है। थाना प्रभारी ने यहां पर उपस्थित जन को नए कानून की भी विस्तृत जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक भी किया गया।

उन्होंने कहा कि समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने में आमजन का सहयोग काफी अहम भूमिका निभाने का काम करता है,इसके साथ साइबर ठगी के बारे में भी उपस्थित लोगों को जागरुक किया गया, बैठक में सभी समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## काउंसलिंग प्रेरणा के बाद छात्र-छात्राओं ने पसंदीदा विषयों में लिया एडमिशन

**मानीचौक।** दसवीं पास होने के बाद अधिकांश बच्चे अपनी रुचि अनुसार विषय का चयन नहीं कर पाते है। ऐसे में उन्हें आगे की पढ़ाई करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है या आगे की पढ़ाई करना बंद कर देते है। इस स्कूल में आगे से ऐसा न हो इसके लिए स्कूल प्राचार्य ने एक अलग तरीका अपनाया है। स्कूली बच्चों के भविष्य का चिंता करते हुए काउंसलिंग प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हे उनके पसंदीदा विषय का चयन करने का मौका दिया। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केतका प्राचार्य जेआर शांडिल्य के मार्गदर्शन में स्कूली बच्चों का काउंसलिंग प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 11वी में नवप्रवेशी बच्चों का प्रवेश उत्सव के रूप अक्षत तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। साथ ही स्कूल के शिक्षकों ने बच्चों को अपने अपने विषय का परिचय दिया और उस विषय का अध्ययन करके उनकी किस दिशा में उन्नति होगा इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही नए शिक्षा नीति के बारे में बताया और आने वाले समय में रोजगार व व्यवसाय पर भविष्य को ध्यान रखते हुए रूचि अनुसार विषय का चयन कर पढ़ाई करने की सलाह दी। काउंसलिंग से प्रेरणा से विभिन्न छात्र -छात्राओं ने अपने पसंदीदा विषय लेकर पढ़ने का निर्णय लिया और पूरे शैक्षणिक वर्ष में विद्यालय का नाम रौशन करते हुए उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं के रूप में अपना पहचान स्थापित करने का संकल्प लिया है। इस दौरान शिक्षक माधुरी संगीता शांडिल्य, दिनेश कुमार सिंह, उग्रसेन प्रसाद केसरी, जेपी गेंदले, प्रदीप कुमार त्रिपाठी, आशीष कुमार, सरस्वती पैकरा, दुर्गा प्रसाद, अरुण, निधि सहित अन्य उपस्थित रहे।



## संयुक्त सुरक्षा दल ने चोरी का लोहा कबाड़ लोड पिकअप को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- अंधेरे का फ़ायदा उठाकर दर्जन भर कबाड़ चोर मौक़े से हुए फ़रार
- जब्त किए गए लोहे के स्क्रैप की क़ीमत क़रीब नब्बे हजार

कोयलांचल बिश्रामपुर में खाकी के संरक्षण में चल रहे कबाड़ के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने अब त्रिपुरा रायफल के जवानों व कंपनी के सुरक्षा अमले ने कमर कस ली है। सुरक्षा अधिकारी का प्रभार मिलने के बाद से नए सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण के नेतृत्व में टीम लगातार अवैध कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाए हुए है।



अभी पांच दिनों पूर्व क्षेत्र के शातिर कबाड़ी के पौवापारा स्थित घर से खदानों से चुराए गए लोहे के पोल खंभे व पाइप जप्ती की थी ,तत्पश्चात शनिवार की बीती रात सुरक्षा अधिकारी ने त्रिपुरा रायफल के जवानों के साथ कुमदा सहक्षेत्र प्रांगण से खदान बलरामपुर खदान के पुराना मुहाड़ा से भारी भरकम बेल्ट स्ट्रक्चर सहित अन्य सामान को पिक अप में लोड कर ले जाने की तैयारी में लगे दर्जन भर कबाड़ चोरों के कब्जे से टीम ने स्क्रैप लोड पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 बी टी 8110 को पकड़कर बिश्रामपुर पुलिस को सुपुर्द किया है।कबाड़ चोर हथियार बंद जवानों को देख मौके से भाग निकले। बताया गया कि शनिवार की मध्यरात्रि में क्षेत्र के सक्रिय कबाड़ियों ने कुमदा सहक्षेत्र खदान के पास स्थित बलरामपुर खदान के पुराना मुहाड़ा के पास पिकअप वाहन लगाकर लोहे के सामान की चोरी कर सीधे अंबिकापुर सरगुज़ा ले जाने की तैयारी में थे ,तभी सुरक्षा टीम मौके पर पहुंच गई। टीम को देख दर्जन भर कबाड़ चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले जिसके बाद टीम ने लौह सामग्री लोड पिकअप वाहन को जप्त कर बिश्रामपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पिकअप में करीब अस्सी से नब्बे हजार का चोरी किया लोहा लोड होना बताया गया है। पिकअप केनापारा तेलईकछार मुख्य मार्ग निवासी कबाड़ी जो अभी जेल में निरुद्ध है उसका बताया गया है ,उसके जेल में निरुद्ध रहने के दौरान उसकी पत्नी द्वारा कबाड़ के अवैध कारोबार का संचालन किया जाना बताया जा रहा है।

